भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2826

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2026 (बुधवार)

14 श्रावण, 1948 (शक)

प्रश्न

उत्तर पूर्वी परिषद के अंतर्गत परियोजनाएं

†2826. **श्री बलवंत बसवंत वानखडेः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) की परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण, चल रही और लंबित परियोजनाओं की कुल संख्या का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) एनईसी परियोजनाओं के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) अपनी निर्धारित समय-सीमा से पीछे चल रही वर्तमान औरि लंबित परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(घ) एनईसी की लंबित परियोजनाओं में विलंब के क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इन्हें समय पर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क)**:** वित्त वर्ष 2004-05 से उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) की स्कीमों के तहत स्वीकृत कुल परियोजनाओं और दिनांक 30.06.2026 तक पूरी हो चुकी परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख)**:** एनईसी की स्कीमों के तहत**,** परिव्यय को तीन घटकों अर्थात राज्य मानक घटक (एसएनसी)**,** केंद्रीय एजेंसी घटक (सीएसी) और संकेंद्रित विकास घटक (एफडीसी) में बांटा गया है। एसएनसी को राज्यों के बीच मानक फार्मूले (असम **20%,** अरुणाचल प्रदेश **13%,** मणिपुर/मेघालय/मिज़ोरम/नागालैंड/त्रिपुरा प्रत्येक **12%,** सिक्किम **7%)** के आधार पर पुनः बांटा जाता है। तथापि**,** निधि तभी जारी की जाती हैं जब स्कीम के

तहत संस्तुत परियोजनाओं को अनुमोदन मिल जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान एनईसी की स्कीमों के तहत जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग): दिनांक 30.06.2026 तक, पूरा होने की निर्धारित तिथि के बाद चल रही परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या **अनुबंध-III** में दी गई है।

(घ): एनईसी की स्कीमों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकार/एजेंसियों के दायरे में आता है। एनईसी परियोजना को लागू करने में विलंब मुख्य रूप से बार-बार भूस्खलन, भारी मॉनसून वर्षा और अस्थिर भूवैज्ञानिक स्थितियां जैसी प्राकृतिक और स्थल-संबंधी चुनौतियों के कारण होती है, जो निर्माण कार्य में बाधा डालती हैं और पहुंच मार्गों को नुकसान पहुंचाती हैं। आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी मुश्किलों के कारण भी प्रगति धीमी हो जाती है, जिनमें दूर-दराज़ के पहाड़ी इलाकों में सामग्री और उपकरणों की अधिप्राप्ति करने और उन्हें लाने-ले जाने में कठिनाई भी शामिल है।

विलंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें की जाती हैं, जिनमें माननीय मंत्री की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठकें भी शामिल हैं। इन बैठकों में, साप्ताहिक रूप से अपडेट की गई, जियो-टैग और टाइम-स्टैम्पड वाले फोटोग्राफों के साथ-साथ वास्तविक और वित्तीय प्रगति के आधार पर चुनिंदा परियोजनाओं की प्रगति का ग्राफीकल विश्लेषण किया जाता है। राज्य सरकारों और कार्यान्वयन एजेंसियों को समय-सीमा का पालन करने, उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने और कार्य को समय पर पूरा करने में तेजी लाने के लिए निदेश दिए जाते हैं। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए फील्ड तकनीकी सहायता इकाइयों, परियोजना गुणवत्ता मॉनिटर और तृतीय पक्ष तकनीकी निरीक्षण द्वारा निरीक्षण की व्यवस्था भी है।

*****

अनुबंध-I

उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) की स्कीमों के तहत वर्ष 2004-05 से स्वीकृत और पूरी हो चुकी परियोजनाओं की कुल संख्या का राज्य-वार विवरण

राज्य	स्वीकृत		पूर्ण (दिनांक 30/06/2026 तक)	
	परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)	परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)
अरुणाचल प्रदेश	231	1767.83	188	1368.27
असम	241	1960.83	186	1531.67
मणिपुर	202	1553.05	155	1305.38
मेघालय	179	1255.85	140	951.57
मिजोरम	172	1474.72	135	1248.14
नागालैंड	254	1610.41	209	1357.92
सिक्किम	123	740.14	105	569.47
त्रिपुरा	114	1033.78	72	772.33
अन्य एजेंसी	330	3588.97	193	1431.08
कुल	**1846**	**14985.57**	**1383**	**10535.83**

अनुबंध-II

एसओएनईसी के तहत एनईसी परियोजनाओं के लिए वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक जारी और उपयोग की गई निधि को दर्शाने वाला विवरण

(करोड़ रुपये में)

राज्य	**वित्त वर्ष 2023-24**	**वित्त वर्ष 2024-25**	**वित्त वर्ष 2025-26**
अरुणाचल प्रदेश	105.72	87.00	59.00
असम	101.67	121.01	92.13
मणिपुर	56.68	67.27	54.32
मेघालय	106.20	86.73	82.40
मिजोरम	47.14	81.42	68.20
नागालैंड	101.22	51.82	53.20
सिक्किम	37.26	31.31	44.10
त्रिपुरा	43.87	81.44	64.30
केंद्रीय एजेंसियां	163.24	162.89	243.45
कुल	**763.00**	**770.89**	**761.10**

अनुबंध-III

दिनांक 30.06.2026 तक, पूरा होने की निर्धारित तिथि के बाद चल रही राज्य-वार परियोजनाएं

राज्य-वार	परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)
अरुणाचल प्रदेश	26	281.26
असम	44	315.87
मणिपुर	37	198.9
मेघालय	27	175.58
मिजोरम	27	145.82
नागालैंड	31	148.01
सिक्किम	11	69.24
त्रिपुरा	29	133.38
कुल	**232**	**1468.06**